## वेयर हाउसिंग परियोजनाओं से 650 को रोजगार मिलेगा

# लखनऊ में 57 करोड़ से दो वेयर हाउस बनेंगे

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता



**350** को पहली इकाई में रोजगार देने की तैयारी

**300** युवाओं को दूसरे वेयर हाउस में मिलेगा रोजगार

लखनऊ में 57 करोड़ की लागत से दो नई वेयरहाउसिंग परियोजनाएं जल्द लगाई जाएंगी। मुख्य सचिव आर के तिवारी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय कमेटी ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

पहली वेयर हाउसिंग परियोजना निवेशक नानक इंटरप्राइज द्वारा तीन एकड़ में 31 करोड़ रुपये से लगाई जाएगी। यह जमीन ग्राम-कुरौनी परगना-विजनौर बन्थरा में है। इसके जरिए 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसकी उत्पादन तिथि अगले साल 31 मार्च है। ग्रोफर्स कंपनी इस जमीन पर वेयरहाउस बनाएगी।

**निरपुरिया इण्टरप्राइजेज का वेयरहाउस सरोजनीनगर में:** यह कंपनी 2.57 एकड़ में अपनी वेयर हाउसिंग परियोजना सरोजनी नगर में 25.57 करोड़ की लागत से लगाएगी। इसमें 64850 वर्गफीट जमीन पर वेयर हाउसिंग का निर्माण किया जायेगा। इसमें 300 लोगों को रोजगार मिलेगा। दोनों इकाइयों द्वारा दो वर्ष के अन्दर परियोजना को पूर्ण करते हुए इकाई का संचालन प्रारम्भ कर देंगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया कि ''यूपीसीडा नोडल एजेंसी के रूप मे उत्तर प्रदेश में वेयरहाउसिंग इकाइयों की स्थापना को सुगम बनाने का काम कर रही है। बैठक में आईडीसी संजीव मित्तल, एसीएस औद्योगिक विकास विभाग अरविन्द कुमार भी प्रमुख रूप से शामिल हुए।